## पुलिस जांच मारपीट की कर रही थी, हो गया गांजा तस्करी का खुलासा

- खजराना पुलिस ने 2 किलो गांजा के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार
- स्कॉर्पियो समेत 20 लाख से ज्यादा का माल जब्त

**इंदौर. खजराना पुलिस ने मारपीट के एक मामूली केस की जांच करते हुए गांजा तस्करी का बड़ा खुलासा किया है. पुलिस ने आरोपी को 2 किलो से अधिक गांजा और स्कॉर्पियो वाहन के साथ गिरफ्तार किया है. जब्त माल की कीमत 20.50 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है.**

पुलिस के अनुसार, फरियादी सौरभ रघुवंशी की शिकायत पर आरोपी वैभव बुंदेला उर्फ रजत ठाकुर के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया गया था. जांच के दौरान पुलिस ने जब विवाद की वजह जानी तो सामने आया कि दोनों के बीच गांजा बेचने को लेकर विवाद हुआ था. सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने अभिव्यक्ति गरबा ग्राउंड के पास घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया. तलाशी के दौरान उसकी स्कॉर्पियो गाड़ी से एक थैली में रखा 2 किलो से अधिक गांजा बरामद हुआ. कार्रवाई के दौरान आरोपी भागने की कोशिश में गिर पड़ा, जिससे उसके पैर में चोट आ गई.



### आरोपी तस्कर पर दो दर्जन से अधिक केस हैं दर्ज

आरोपी वैभव बुंदेला उम्र 29 साल चित्रा नगर, विजय नगर क्षेत्र का रहने वाला है और पूर्व में उसके खिलाफ दो दर्जन से अधिक अपराध दर्ज हैं . पूछताछ में उसने बताया कि नशे की लत पूरी करने और पैसे कमाने के लिए वह सस्ते में गांजा खरीदकर महंगे दामों पर बेचता था . पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की के तहत केस दर्ज कर लिया है . मामले में आरोपी से रिमांड लेकर सप्लाई नेटवर्क और अन्य साथियों के बारे में पूछताछ की जा रही है . साथ ही किरायेदार की जानकारी न देने पर मकान मालिक के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है .

## ऑटो में बैठाकर कर्मचारी से लूट 1.70 लाख से भरा बैग छीना

- स्टेशन से सियागंज जा रहे युवक को सुनसान में ले जाकर की वारदात
- दो आरोपी फरार

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में बड़नगर से खरीदारी करने आए एक स्टोर्स कर्मचारी के साथ ऑटो सवार दो बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया. आरोपियों ने युवक को सुनसान इलाके में ले जाकर 1 लाख 70 हजार रुपए से भरा बैग छीन लिया और फरार हो गए. पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.**

पुलिस के मुताबिक फरियादी गणेश सिंह सोलंकी रविवार शाम बड़नगर से ट्रेन के जरिए इंदौर पहुंचे थे. वे रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-5 पर उतरे और सियागंज जाने के लिए ऑटो किया. ऑटो में पहले से एक युवक बैठा था. चालक ने पहले उसे राजबाड़ा छोड़ने और फिर गणेश को सियागंज छोड़ने की बात कही. रास्ते में आरोपी गणेश को राजकुमार ब्रिज के पास सुनसान जगह पर ले गए. यहां शंका होने पर गणेश ने ऑटो रुकवाने की कोशिश की, तो चालक और उसके साथी ने विवाद शुरू कर दिया. इसी दौरान आरोपियों ने गणेश को धक्का देकर उसका बैग छीन लिया और मौके से फरार हो गए. घटना के बाद पीड़ित ने अपने मालिक को सूचना दी और थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है. मामले में कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है.

## इंदौर पुलिस में बड़ा फेरबदल, 50 से अधिक जवानों के तबादले

- अलग-अलग थानों व इकाइयों में की अस्थाई तैनाती

**नव भारत न्यूज**

इंदौर. पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) द्वारा शहर में कानून व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है. जारी आदेश के तहत 50 से अधिक पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक विभिन्न थानों और इकाइयों में पदस्थ किया गया है.

जारी आदेश के अनुसार, कई पुलिसकर्मियों को रक्षित केंद्र से हटाकर सीधे थानों में भेजा है, जबकि कुछ को यातायात और अन्य इकाइयों से हटाकर फील्ड ड्यूटी में लगाया है. इनमें थाना एरोड्रम, तेजाजी नगर, पलासिया, द्वारकापुरी, एमजी रोड, गांधीनगर, कोतवाली, एमआईजी, राऊ, आजाद नगर, चंदननगर, हीरानगर, मल्हारगंज, छत्रीपुरा, परदेशीपुरा सहित अन्य थानों में नई पदस्थापनाएं की गई हैं. आदेश में उपनिरीक्षक, सहायक उपनिरीक्षक, प्रधान आरक्षक और आरक्षक स्तर के कर्मचारियों को शामिल किया है. कई महिला पुलिसकर्मियों को भी अलग-अलग थानों में तैनात किया है. पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह फेरबदल प्रशासनिक आवश्यकता और कानून व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के उद्देश्य से किया गया है, जो आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगा.

## रेवेन्यू नगर में जुआ खेलते 4 गिरफ्तार, 64 हजार रुपए जब्त

- अन्नपूर्णा पुलिस की कार्रवाई, ताश के पत्तों पर लगा रहे थे दांव

**इंदौर. अन्नपूर्णा पुलिस ने रेवेन्यू नगर क्षेत्र में दबिश देकर जुआ खेलते चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से 64 हजार 200 रुपए नगद और ताश की गड्डी जब्त की गई है.**



पुलिस के मुताबिक कार्रवाई दोपहर को की गई, जब सूचना मिली थी कि कुछ लोग सार्वजनिक स्थान पर ताश के पत्तों से रुपए की हार जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं, मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने चारों को घेराबंदी कर पकड़ा. गिरफ्तार आरोपियों में रोहित राजरे और चंद्रसेन मेहर (दोनों निवासी महावर नगर) के साथ देवीलाल बिंदोरिया और भागीरथ बिंदोरिया (दोनों निवासी रेवेन्यू नगर) शामिल हैं. पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है.

## खेत में पोल गाड़ने को लेकर खूनी संघर्ष, कई घायल

- ग्राम सांतेर का मामला, पुलिस ने दर्ज किया क्रॉस प्रकरण

**इंदौर.** किशनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सांतेर में खेत की जमीन पर पोल (खंभे) गाड़ने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया. राधा कृष्ण मंदिर के सामने हुई इस घटना में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हुए हैं. पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर एक-दूसरे के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

पुलिस के अनुसार, एक पक्ष से रजत चौधरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी श्रीकांत भार्गव, हर्ष भार्गव और जितेंद्र भार्गव ने जमीन पर पोल गाढ़ने को लेकर विवाद करते हुए गाली गलौज की. जब रजत के भाई रोहित ने विरोध किया तो आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया और पत्थर मारकर घायल कर दिया. वहीं, जाते समय जान से मारने की धमकी भी दी गई. वहीं दूसरे पक्ष के श्रीकांत भार्गव ने जवाबी शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि रजत चौधरी, रोहित चौधरी और उनके साथ आए एक मजदूर ने विवाद शुरू किया. खेत में पोल गाड़ने से रोकने पर आरोपियों ने उन पर हमला कर लात-घूंसों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी. पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है.

### जमीन और पैसों के विवाद में मारपीट

**इंदौर.** सिमरोल थाना क्षेत्र के ग्राम बेरछा में जमीन की मिल्कियत और उधारी के रुपयों को लेकर एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है. आरोपी ने न केवल मारपीट की, बल्कि फरियादी को दोबारा जमीन पर कदम रखने पर जान से खत्म करने की धमकी भी दी. पुलिस के मुताबिक, फरियादी अर्पित पिता पदम भाभर निवासी ग्राम वेरछा की रिपोर्ट पर आरोपी उदित पिता राजेश पटेल निवासी इंदौर के खिलाफ केस दर्ज किया गया है. अर्पित ने बताया कि आरोपी उदित ने जमीन पर अपना हक जताते हुए कहा कि एक बीघा जमीन मेरी है, तुम्हें 96 हजार रुपए दिए थे. इसी बात को लेकर आरोपी ने गालियां दीं और मारपीट शुरू कर दी.

### महू में बार काउंसिल चुनाव को लेकर अभिभाषकों में उत्साह




**महू .** मध्य प्रदेश बार काउंसिल के निर्वाचन को लेकर मंगलवार सुबह से ही अभिभाषकों में खासा उत्साह देखने को मिला . महू में 341 अभिभाषक मतदाता हैं . कोर्ट परिसर में मतदान के लिए बड़ी संख्या में अधिवक्ता पहुंचे और शांतिपूर्ण ढंग से अपने मताधिकार का प्रयोग किया . मतदान केंद्र पर सुबह से ही अधिवक्ताओं की कतार लग गई . निर्वाचन प्रक्रिया को व्यवस्थित बनाए रखने के लिए प्रशासन एवं चुनाव समिति द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की गईं . कोर्ट परिसर के सामने जाने वाले मुख्य मार्ग को अस्थायी रूप से बंद रखा गया, ताकि मतदान प्रक्रिया प्रभावित न हो . वहीं, आमजन की आवाजाही के लिए वैकल्पिक मार्गों से यातायात संचालित किया गया . अधिवक्ताओं ने निर्वाचन प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराया . पूरे दिन कोर्ट परिसर में चुनावी माहौल बना रहा .

### श्री एकेडमी की लाइब्रेरी को 100 पुस्तकें भेंट




**महू .** ग्राम कोदरिया स्थित विद्यालय श्री एकेडमी की लाइब्रेरी में आर्मी वार कॉलेज महू की कांबेट लाइब्रेरी द्वारा विद्यार्थियों के उपयोग के लिए कहानी, उपन्यास, कविता, चित्रकारी, कंप्यूटर, प्रेरणादायक पुस्तकें सहित महापुरुषों की जीवनी की 100 पुस्तकें भेंट कीं . जिनका बाजार मूल्य लगभग 25 हजार रुपए है . यह पुस्तकें आर्मी वार कॉलेज की कांबेट लाइब्रेरी की ओर से श्री अकादमी के डॉयरेक्टर राजेश पाटीदार को भेंट की गईं . श्री एकेडमी परिवार की ओर से शिक्षा के क्षेत्र में आर्मी वार कॉलेज के इस सामाजिक सहयोग के लिए धन्यवाद प्रेषित किया गया .


